बरेली, सोमवार
20 सितंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण inext

Page No. 06 : Top

बच्चों ने लिखी बापू को चिट्ठी

एसआरएमएस रिद्धिमा में हुआ टु गांधी जी विध स्पेलिंग मिस्टेक का मंचन

कलाकारों ने किया भावपूर्ण अभिनय.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (19 Sept): एसआरएमएस रिद्धिमा में ख्वाजा असमद अब्बास लिखित छोटी कहानी 'लेटर फ्राम द चाइल्ड' पर आधारित नाटक 'टु गांधी जी विध स्पेलिंग मिस्टेक' का मंचन किया गया. इसमें बच्चों ने देश के विभाजन के बाद बदले हुए हालात, हिंदू और मुसलमानों के बीच बढ़ रही दूरियों को बयान किया. हिंदी को हिंदुओं और उर्दू को मुसलमानों की भाषा मानते हुए बच्चों के इंगलिश में पत्र लिखा. क्यों कि उन्हें पता था कि जो इंगलिश बोलते और पढ़ते हैं वो दोनों धर्मों से अलग और सेक्युलर होते हैं. इंगलिश मे पत्र लिखते समय स्पेलिंग मे गलतियां होती हैं और परिस्थितियां हास्य की बनती हैं, जो सामाजिक व्यवस्था पर चोट करती हैं.

सामाजिक व्यवस्था पर चोट

नाटक का आरंभ पाकिस्तान में होता है. जहां बुजुर्ग जैनब अपनी नातिन को अपने बचपन की कहानी सुनाती है. बताती है कि भारत विभाजन से पहले वह अपनी अम्मी, अब्बू और भाई बहनों के साथ दिल्ली में रहती थी. मुहल्ले में उसके हिंदू दोस्त भी थे. जिनमें राधा, सूर्य प्रकाश, अनवर मुख्य थे. विभाजन के बाद लाहौर से दिल्ली आया गुरविंदर भी था. जो गुमसुम रहता था. बोलता नहीं था. नातिन को कहानी सुनाती जैनब फ्लैशबैक में जाती है. जहां देश के विभाजन के बाद दिल्ली के एक मुहल्ले के बच्चों और जैनब के बीच बातचीत हो रही होती है. इसमें हिंदू भी हैं और मुसलमान भी. बड़ों के आपसे में लड़ने से परेशान और देश के हालात को बताने के लिए बच्चे गांधी जी से मिलना चाहते हैं. उनसे बात करना चाहते है. लेकिन दुर्भाग्य से गांधी जी की हत्या हो चुकी है. ऐसे में वो मानते हैं कि उन्हें पत्र लिखकर स्वर्ग या जन्नत भेजा जाय. जहां बापू उसे पढ़ें और उन्हें देश के हालात की जानकारी हो सके. बच्चे इंग्लिश में पत्र लिखने का फैसला करते हैं. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार सहित शहर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे.